>

Title : Need to open NIT in Andaman.

**श्री विÂष्णु पद राय** : मैंने एक कालिंग अटैंशन नोटिस दिया था, उसका जवाब मुझे शिक्षा मंत्रालय से मिला, लेकिन यह जवाब जो मुझे दिया गया है, वह जवाब अंडमान निकोबार के लोगों के विरोध में है।...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया** : जो विÂष्णु पद राय जी कह रहे हैं, वही रिकार्ड में जायेगा, बाकी कुछ भी रिकार्ड में नहीं जायेगा।

*(Interruptions)* *

---

*Not recorded.

**श्री विष्णु पद राय** : मैडम, मैं एक लाइन कोट करना चाहता हूं। देश के शिक्षा मंत्री श्री अर्जुन सिंह जी ने 19 जुलाई, 2008 को एक पत्र लैफ्टीनेंट गवर्नर महोदय को दिया था, मैं उसकी एक लाइन कोट करना चाहता हूं:

> "I would request you to send us a proposal for consideration at the Government of India level, for starting of a new NIT, which may serve the admission requirements of students of Andaman and Nicobar Islands and Puducherry. For starting of a new NIT, you will have to provide free of cost suitable piece of at least 300 acres of land at a place having rail, road and air connectivity as well as good civic infrastructure."

**श्री मुलायम सिंह यादव** : सरकार हमारी बात का उत्तर नहीं दे रही है, इसलिए हम सदन से बहिÂष्कार करते हैं।

**12.20 hrs.**

*(At this stage Shri Mulayam Singh Yadav and some*

*other hon. Members left the House)*

**श्री विÂष्णु पद राय** : पुदुच्चेरी में एन.आई.टी. खुले, उसमें मुझे कोई ऑब्जैक्शन नहीं है। मेरी एक ही मांग है कि अंडमान निकोबार की एन.आई.टी. आज क्यों अंडमान से निकाली जा रही है? मैं आपको एक उदाहरण देना चाहता हूं।

पापुलेशन के मुताबिक पांडिचेरी की आबादी 9.71 लाख है, जबकि अंडमान निकोबार की आबादी करीब 6 लाख है। पांडिचेरी में रोड लिंकेज है, रोड कनेक्टिविटी से मेनलैंड जुड़ा हुआ है, जबकि अंडमान निकोबार में एयर या शिप से ही जाना हो पाता है, जो बहुत खर्चीला है। वहां काफी लोगों ने मेनलैंड देखा भी नहीं है। इकॉनामिक एक्टिविटीज के संबंध में कहना चाहता हूं कि आज पांडिचेरी में मीडियम एंड लार्ज स्केल की बहुत से इंडस्ट्रीज खुल चुकी हैं, जबकि अंडमान में कुछ भी नहीं है। आज नेशनल लेवल के दो इंस्टीटयूशन पांडिचेरी में हैं और आठ प्राइवेट कालेजेज हैं, जबकि अंडमान में नेशनल लेवल का कोई इंस्टीटयूट नहीं है। लैंड का एक्सक्यूज देकर शिक्षा मंत्रालय एनआईटी अंडमान में नहीं खोलना चाहते, अंडमान निकोवार की जमीन की ओनर केंद्र सरकार है, जबकि द्वीपवासी टैनेन्ट्स हैं यानी वे भारत सरकार के किरायेदार हैं। मेरा निवेदन है कि भारत सरकार एनआईटी के लिए जमीन एक्वायर करे।

नार्थ-ईस्ट में केंद्र सरकार ने नेशनल लेवल का इंस्टीटयूशन, जैसे - आईआईएम, आईआईटी, एनईआरआईएसटी खोला। आज 11$^{th}$ प्लान में वहां एनआईटी खोलने जा रहे हैं, जैसे अरूणाचल प्रदेश, नागालैंड, मेघालय, मणिपुर, सिक्किम आदि में खोलेंगे। भारत सरकार अंडमान में एनआईटी क्यों नहीं खोल रही है? मेरी मांग है कि भारत सरकार अंडमान में नेशनल लेवल का एनआईटी खोले।

...(*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Only what Dr. Thambidurai says will go on record.

*(Interruptions)**